

Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

शिविर

**एनएसएस शिविर के समापन समारोह में स्वयंसेवियों को किया सम्मानित**

# पद्मश्री नेक राम ने स्वयंसेवियों को बताए मोटे अनाज के फायदे

संवाद न्यूज एजेंसी

आनी (कुल्लू)। राजकीय महाविद्यालय आनी में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर संपन्न हो गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृषक एवं पारंपरिक मोटे अनाज के संरक्षक पद्मश्री नेक राम शर्मा पहुंचे।

समारोह में कॉलेज प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय कुमार की ओर से




**आनी कॉलेज में शिविर के दौरान पद्मश्री नेक राम शर्मा व स्वयंसेवी।** स्रोत : कॉलेज प्रबंधन

प्रस्तुत स्वागत भाषण से हुआ। इसके बाद विशेष शिविर की गर्ल कमांडर दिव्यांशी नेगी ने सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि

## नुक्कड़ नाटक और लोक नृत्य किया प्रस्तुत, स्वयंसेवियों को किया सम्मानित

नेक राम शर्मा ने स्वयंसेवियों को मोटे अनाज के फायदे बताए। उन्होंने प्राकृतिक खेती, पारंपरिक मोटे अनाज के संरक्षण, सतत् कृषि पद्धतियों और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर विचार व्यक्त किए।

उन्होंने युवाओं से प्रकृति अनुकूल कृषि, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय संसाधनों के संवर्धन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने राष्ट्रीय सेवा योजना को युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, नागरिक चेतना एवं सेवा-भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया।

उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक और लोक नृत्य पेश किया। शिविर में स्वयंसेवियों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

MY NET TV
निष्पक्ष, निर्भीक, निडर
# डिजिटल समाचार
Wednesday 25th February 2026
website: mynettv. online

## राजकीय महाविद्यालय आनी में सात दिवसीय एन०एस०एस० विशेष शिविर का हुआ समापन




विनय गोस्वामी / आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० दायक राम ठाकुर के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो० सीमा व प्रो० विजय कुमार के नेतृत्व में मंगलवार, 24 फ़रवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय एन०एस०एस० विशेष शिविर का समापन समारोह गरिमामय एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नेक राम शर्मा एक प्रख्यात प्राकृतिक कृषक एवं पारंपरिक मोटे अनाज (मिलेट्स) के संरक्षण के अग्रदूत हैं। वर्ष 2023 में भारत सरकार द्वारा उन्हें सतत् कृषि एवं प्राकृतिक खेती के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया गया है।

इस समारोह में राजकीय महाविद्यालय आनी के प्राचार्य डॉ० दायक राम ठाकुर, ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–I के कार्यक्रम अधिकारी प्रो० विजय कुमार द्वारा प्रस्तुत स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, उपस्थित संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों का औपचारिक स्वागत करते हुए शिविर के उद्देश्यों एवं सामाजिक प्रासंगिकता पर संक्षिप्त प्रकाश डाला। इसके उपरांत विशेष शिविर की गर्ल कमांडर दिव्यांशी नेगी ने सात दिवसीय शिविर की समग्र रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने अवगत कराया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर के सौंदर्यीकरण, स्वच्छता अभियानों, सामुदायिक सेवा कार्यों के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद गतिविधियों तथा विभिन्न शैक्षणिक सत्रों में सक्रिय एवं अनुशासित सहभागिता की गई। प्रत्येक दिवस पर आयोजित अकादमिक सत्रों में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा स्वयंसेवकों को सामाजिक, स्वास्थ्य पर्यावरण एवं विधिक जागरूकता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। मुख्य अतिथि ने संबोधन में अपने जीवन अनुभवों के आलोक में प्राकृतिक खेती, पारंपरिक मोटे अनाज (मिलेट्स) के संरक्षण, सतत कृषि पद्धतियों तथा स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं से प्रकृति-अनुकूल कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं स्थानीय संसाधनों के संवर्धन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उनका संबोधन प्रेरणादायी एवं ज्ञानवर्धक रहा, जिसने स्वयंसेवकों को सामाजिक उत्तरदायित्व एवं आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत किया। विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य, डॉ० दायक राम ठाकुर ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना को युवाओं में अनुशासन नेतृत्व, नागरिक चेतना एवं सेवा-भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन हेतु कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक एवं लोक नृत्यों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा विशेष शिविर में सहभागिता करने वाले समस्त स्वयंसेवकों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई–I की कार्यक्रम अधिकारी प्रो० सीमा द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, महाविद्यालय प्रशासन संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक व गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर अपने उद्देश्यों की सफल पूर्ति के साथ विधिवत एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ।

Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय आनी में एनएसएस शिविर का विधिवत समापन

## आनी में एनएसएस विशेष शिविर का गरिमामय समापन, युवाओं को मिला सेवा और आत्मनिर्भरता का संदेश

**लोक शोभा न्यूज़**

आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी के हरिपुर परिसर में 23 फरवरी 2026 को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह गरिमामय एवं सुव्यवस्थित वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह शिविर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर के मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सीमा और प्रो. विजय कुमार के नेतृत्व में आयोजित किया गया।समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात प्राकृतिक कृषक एवं मिलेट्स संरक्षण के अग्रदूत श्री नेक राम शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने प्राकृतिक खेती, सतत कृषि पद्धतियों तथा स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय संसाधनों के संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उनका संबोधन स्वयंसेवकों के लिए प्रेरणास्रोत रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ एनएसएस इकाई–I के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय कुमार के स्वागत भाषण से हुआ। इसके उपरांत गर्ल कमांडर दिव्यांशी नेगी ने सात दिवसीय शिविर की समग्र रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने परिसर सौंदर्यीकरण, स्वच्छता अभियान, सामुदायिक सेवा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद गतिविधियों तथा शैक्षणिक सत्रों में सक्रिय सहभागिता की।




**प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, नागरिक चेतना एवं सेवा-भाव विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयंसेवकों की सराहना की।**

समारोह के दौरान स्वयंसेवकों द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक एवं लोक नृत्यों ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया और सामाजिक संदेशों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने शिविर में भाग लेने वाले सभी स्वयंसेवकों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यक्रम के अंत में एनएसएस इकाई–II की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सीमा ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए सभी अतिथियों, महाविद्यालय प्रशासन, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर अपने उद्देश्यों की सफल पूर्ति के साथ विधिवत एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ।

Scanned with OKEN Scanner